तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 होटल एवं ठेला के आड़ में धड़ल्ले से बिक्री कर रहे अंग्रेजी शराब व बीयर



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025




Advt.




## खबर संक्षेप

### विद्युत कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन आज

**अम्बिकापुर**। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर विद्युतकर्मी अपनी 22 सूत्रीय मांगों के समर्थन एवं प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में 29 अगस्त से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारी 9 अक्टूबर को रायपुर में धरना-प्रदर्शन एवं आम सभा करेंगे। क्षेत्रीय सचिव अभिषेक कुमार बोहिदार ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में संगठन द्वारा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। पूरे सितम्बर संगठन द्वारा मांगों का पोस्टर विभिन्न कार्यालयों में चस्पा किया गया। विद्युत कर्मचारी 1 अक्टूबर से काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के तृतीय चरण में विद्युतकर्मी दंजनिया रायपुर स्थित कंपनी मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन एवं आमसभा करेंगे। इस दौरान मांगों का ज्ञापन महासंघ द्वारा सौंपा जाएगा।

### गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय योगाभ्यास शिविर कल

**अम्बिकापुर**। आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने रोग से आरोग्यता की अवधारणा को सशक्त करने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 10 अक्टूबर को जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम 10 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम गांधी स्टेडियम में सुबह 7 बजे प्रारंभ होगा। शहर के अनुभवी योग शिक्षक उपस्थित लोगों से योग का अभ्यास कराएंगे।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 520 चालकों पर हुई सख्त कार्रवाई



**सूरजपुर**। जिले की पुलिस ने 520 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा है। पुलिस की जागरूकता अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ स्पेशल ड्राईव चलाया। पिछले 2 माह के दौरान थाना-चौकी व यातायात की टीमों ने कई स्थानों पर चेकिंग प्वाईंट लगाकर करीब 15 हजार से अधिक वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 520 चालकों को पकड़ा गया और उनका डॉक्टरी मुलाहिजा कराकरन्यायालय में पेश किया गया जहां से 55 लाख रूपये का चालान हुआ है। पुलिस इन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस को निलंबित करने के लिए आरटीओ को प्रतिवेदन भी भेज दिया है। पुलिस की यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई। मंगलवार को यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय ने बिना परमिट के संचालन पर एक बस के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है।

### जिले में 1.56 लाख उपभोक्ता, बीपीएल धारकों पर 71 करोड़ बकाया

# सरगुजा के ग्रामीण उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग का डेढ़ अरब रुपए का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल बकायेदारों की सूची लम्बी हो गई है। जानकार हैरानी होगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग का लोगों पर डेढ़ अरब रुपए से अधिक बकाया है। इसमें भी एकल बत्ती कनेक्शन धारकों की संख्या सबसे अधिक है और बीपीएल परिवारों के ऊपर ही अकेले 71 करोड़ रुपए बकाया है। इतनी बड़ी राशि को वसूल करना अब विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है हालांकि अधिकारी अब अभियान चलाकर विद्युत बिल की बकाया राशि वसूल करने की बात कह रहे है लेकिन अब देखना यह है कि विभाग को इसमें कितनी कामियाबी मिल पाती है।

**खास बात**
- बिल वसूलना बनी चुनौती

दरअसल सरगुजा जिले में विद्युत विभाग की बिजली बिल बकाया राशि बढती ही जा रही है। लोग बिजली का उपभोग तो कर रहे है लेकिन विद्युत बिल की बकाया राशि जमा करने में उनकी कोई रूचि नहीं है और यही वजह है कि लोगों पर हर दिन बिजली बिल का भार बढ़ता ही जा रहा है। विद्युत बिल की बकाया राशि को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे अधिक चौकानें वाले आंकडें सामने आए है। जिले के अन्दर

⏭ शेष पेज 3 पर



बकाया बिलों को लेकर समीक्षा करते ईई व अन्य।

#### बीपीएल को 40 वाट का कनेक्शन

बताया जा रहा है कि बीपीएल परिवारों को एकल बत्ती योजना के तहत अधिकतम 40 वाट का ही विद्युत कनेक्शन दिया जाता है जिसमें एक बल्ब का उपयोग कर सकते है और इसपर 30 यूनिट तक बिजली का उपयोग करने पर बिल नहीं आता लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र में एकल बत्ती कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं के पास भी टीवी, फ्रिज, पंखे सहित अन्य संसाधन उपलब्ध है और यही वजह है कि बीपीएल कनेक्शन धारियों के विद्युत बिल में इजाफा हुआ है। लगातार बिजली बिल बढने के बाद ग्रामीण उपभोक्ता बिजली बिल नहीं अदा कर रहे है ऐसे में विद्युत बिल की बकाया राशि 71 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

#### किया जाएगा स्पॉट वेरिफिकेशन

ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल वसूलना एक कड़ी चुनौती बन गया है और बिल वसूलने में विभाग के पसीने छूट रहे है। यही वजह है कि अब विभाग द्वारा बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने के लिए अभियान चलाया जा रहा है और कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार जिले में सभी बीपीएल उपभोक्ताओं का स्पॉट वेरिफिकेशन किया जा रहा है जिसमें बीपीएल उपभोक्ताओं की खपत का आंकलन किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि एकल बत्ती कनेक्शन में सिर्फ एक बल्ब का उपयोग किया जाता है। विभाग स्पॉट वेरिफिकेशन के बाद ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन को बीपीएल से हटाकर सामान्य करने की बात ख रहा है।

#### चलाया जा रहा है अभियान

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 1.56 लाख उपभोक्ता है जिनपर 1 अरब 52 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इनमें सबसे अधिक बीपीएल उपभोक्ताओं पर 71 करोड़ रुपए की बकाया राशि है। विद्युत बिल की बकाया राशि वसूलने अभियान चलाया जा रहा है और अब स्पॉट वेरिफिकेशन किया जाएगा।

-आर नागवंशी
ईई सीएसईबी ग्रामीण

## तीन उचित मूल्य दुकानों से 65 लाख रुपए का राशन गायब

**अंबिकापुर**। जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। दुकानों से लगभग 65 लाख रुपए का राशन गायब हो गया। खाद्य विभाग की जांच में इस गडबडी का खुलासा हुआ है जिसके बाद खाद्य विभाग की ओर से मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। अब पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।

- पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि खाद्य विभाग द्वारा शहर के घुटरा पारा क्षेत्र में संचालित तीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की जांच की गई थी। सितम्बर 2022 से 31 मार्च 2024 की स्थिति में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान तीनों दुकानों के स्टॉक में चावल 1,631.29 क्विंटल, शक्कर 10.43 क्विंटल और चना 48.34 क्विंटल कम पाया गया। तीनों दुकानों से 64 लाख 94 हजार रुपए के राशन गायब होने की पुष्टि हुई थी। इस दौरान अधिकारियों ने दुकान संचालकों को स्टॉक में कम मिले राशन की भरपाई करने का भी मौका दिया था लेकिन उनकी ओर से कोई पहल नहीं की गई। ऐसे में खाद्य निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने इस मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत व जांच रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने

संबंधित समिति के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनिता पैकरा और विक्रेताओं फरहान सिद्दीकी, प्रिंस जायसवाल, सैफ अली व मुकेश यादव के खिलाफ भादवि की धारा 420, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अब इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

#### 2019 से संचालन

भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने बताया सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान संचालित करने वाला आरोपी पवन सिंह राशन माफिया है तथा वर्ष 2019 से राशन की तीन दुकानें संचालित कर रहा है। हितग्राहियों की शिकायत पर राशन चोरी का भांडा फूटने लगा तो उसने चावल की राशि जमा करने एवं जेल जाने से बचने के लिए तत्कालीन खाद्य अधिकारी , खाद्य निरीक्षक से सांठ-गांठ कर सुनियोजित तरीके से 5 सितम्बर 2024 को दुकान क्रमांक 29 को छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि तब 19 दिसम्बर 2023 एवं 3 जनवरी 2024 को उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी लेकिन आरोपी के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री होने के कारण मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी।

## सरगुजा आईजी ने आम जनता के लिए जारी किया क्यूआर स्केनर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में बेहतर पुलिसिंग के लिए सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा ने एक बड़ी पहल की है। सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंच बनाने और उनका भरोसा जीतने के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है। इस क्यूआर कोड के माध्यम से आम जनता पुलिस अधिकारियों को सीधे अपने फीडबैक दे सकेंगे। इस फीडबैक के आधार पर अधिकारी जिले पुलिस व्यवस्था में व्याप्त कमियों को दूर करने के साथ ही लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेगी।

- पुलिस व जनता के बीच आपसी संवाद स्थापित करने के साथ ही बेहतर पुलिसिंग के लिए पहल

बुधवार को पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में आईजी दीपक कुमार झा द्वारा अपने अपने तकनीकी ज्ञान और अनुभव के आधार पर बनाए गये डिजिटल क्यूआर कोड का अनावरण एसएसपी राजेश अग्रवाल व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। आईजी श्री झा ने बताया कि पुलिसिंग की दिशा में जारी किए गए इस क्यूआर स्कैनर कोड से जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार के आकलन एवं उसमें आवश्यक सुधार हेतु अहम साबित होगा। पुलिस कार्यालय थाना चौकियों की जवाबदेही बढ़ेगी एवं जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक गहरा होगा। यह क्यूआर स्कैनर कोड जिला मुख्यालय के पुलिस कार्यालय एवं थाना-चौकी तथा सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों हेतु उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग संभाग की जनता किसी भी स्थान से अपने मोबाइल के माध्यम से लोग अपना व्यक्तिगत क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित सुझाव पोस्ट कर सकते हैं। आम जनता द्वारा इस क्यूआर स्कैनर कोड में दिए गए सुझाव का मॉनिटरिंग सीधे पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के मार्गदर्शन में निरंतर की जाएगी जिससे की रेंज के आम नागरिकों के प्रति पुलिस द्वारा किए गए व्यवहार कार्यों का फीडबैक सुझावों को वरिष्ठ अधिकारी के संज्ञान तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम साबित होगा। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




## भिलाई की आर्ट गैलरी में डॉ. गुप्ता द्वारा ली गई वन्य जीवों की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर भिलाई के नेहरू आर्ट गैलरी में शहर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता की फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।

बता दें कि राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर विशेष फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिसका शीर्षक वन्यजीव फोटोग्राफरों के कैमरे की नजर से था। यह प्रदर्शनी न केवल कैमरे की आंख से जंगल की गहराइयों को दर्शाती है बल्कि हमारे प्राकृतिक धरोहर की झलक भी प्रस्तुत करती है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक मानस कुमार गुप्ता ने किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वन्य जीवप्रेमी, फोटो ग्राफी के शौकीन शामिल हुए। बड़ी बात यह है कि इस प्रदर्शनी में शहर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता के द्वारा खींची गई वन्य जीवों के तस्वीरों की भी प्रदर्शनी लगाई गई। डॉ. हिमांशु चिकित्सकीय कार्य के अतिरिक्त वन्य जीवों में विशेष रूचि रखते है और जंगलों में प्रवासी पक्षियों, जानवरों की फोटोग्राफी करते है। यह प्रदर्शनी 6 से 8 अक्टूबर तक चलेगी।



Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NABH
PRAKASH HOSPITAL

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में

शुक्रवार, दिनांक : 10 अक्टूबर 2025
समय : सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : प्रकाश हॉस्पिटल कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)



विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले

- स्तन में गाँठ
- मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
- मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453

8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.

ATUL

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर वितरण किया गया प्रमाण पत्र

**सूरजपुर।** वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक वनमण्डल जिले के समस्त परिक्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 8 अक्टूबर को शिवपार्क में नगर अंतर्गत स्थित विद्यालयों शासकीय कन्या माध्यमिक शाला, शासकीय कन्या उच्च माध्यनिक शाला, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं माध्यमिक शाला नवापारा, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक एवं माध्यमिक शाला, आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय नवापारा, सरस्वती शिशु मंदिर एवं ग्लोबल पब्लिक के छात्र छात्राओं का चित्रकला, निबन्ध लेखन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को वनमण्डलाधिकारी एवं उपवनमण्डलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर व प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान उमेश कुमार वस्त्रकार, श्रीमती दीप्ति वर्मा, महेन्द्र प्रसाद, सुखदेव पैकरा, अजय राजवाड़े एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बाइक पर बैठते समय सड़क पर गिरी महिला की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नारायणपुर अंतर्गत ग्राम चरईमारा निवासी सावित्री बाई पति बलिन्दर यादव (47 वर्ष) पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। 5 अक्टूबर को पति उसे अस्पताल ले जाने के लिए बाइक सड़क पर खडा किया और जैसे ही महिला बाइक पर बैठने लगी तभी सिर के बल सड़क पर गिर जाने से अचेत हो गई। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## आसपास क्षेत्र के लोगों की बढ़ी परेशानी

# होटल एवं ठेले के आड़ में धड़ल्ले से बिक्री कर रहे अंग्रेजी शराब व बीयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- धर पकड़ नहीं होने से शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद

शंकरगढ़ क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित दुकानों, ठेला व होटलों में इन दिनों धड़ल्ले से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है। होटल व ठेला के आड़ में न सिर्फ अंग्रेजी शराब व बियर की बिक्री कर रहे है बल्कि ठेला व होटल में ही बैठा कर शराब परोसते है। हैरानी की बात तो यह है कि शंकरगढ़ क्षेत्र में एक भी शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान नहीं है बावजूद इसके शराब के शौकीनों को होटल व ठेला में आसानी से अंग्रेजी शराब मिल जाते है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में अंग्रेजी शराब का कारोबार इस कदर फैल चुका है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार कार्रवाई नहीं करने से होटल, दुकान एवं ठेला संचालकों के हौसले बुलंद हो गए है। जिसका खामियाजा आसपास के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि शंकरगढ़ मुख्य मार्ग से सामरी, कुसमी सहित जशपुर क्षेत्र के लिए बड़ी संख्या में बसे चलती है और बड़ी संख्या में अन्य वाहन सवार आवागमन करते है। व्यस्त मार्ग होने पर शंकरगढ़ मुख्य मार्ग किनारे बड़ी संख्या में होटल, किराना दुकान व ठेला का संचालन करते है जहां राहगिह रास्ता, भोजन करते है। दूर-दराज के वाहन चालक दोपहर, शाम व रात में भोजन कर कुछ क्षण के लिए आराम करते है। ग्राहक कम आने पर धीरे-धीरे होटल व ठेला संचालक होटल व ठेला के आड़ में शराब बिक्री करना शुरू कर दिए है। आलम यह है कि संचालक द्वारा शराब पीने के छूट तथा अवैध शराब की बिक्री करने के कारण हर शाम इन होटल व ठेला को शराबियों ने अपना डेरा बना लिया है जहां शाम ढलते ही असमाजिक तत्व पहुंच जाते है और नशे में न सिर्फ गाली-गलौज करते है बल्कि आसपास निवास करने वाले लोगों से बेवजह ही विवाद करने लगते है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब पीने के बाद शराबियों द्वारा कई बार महिलाओं से अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने के साथ छिटा कसी करते है। वहीं कई बार तो शराबियों के बीच ग्रामीणों से विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के स्थित होटल एवं ठेला संचालको द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने से आए दिन विवाद होने से लोग परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



मैदान में बिखरे शराब की बोतलें।

### कहा से आते है अवैध शराब

शंकरगढ़ क्षेत्र में एक भी शासकीय अंग्रेजी मदिरा दुकान नहीं है। बावजूद इसके होटल एवं ठेला में आसानी से अंग्रेजी शराब उपलब्ध कराते है। हैरानी की बात यह है कि संचालकों के पास शराब की खेप कहाँ से आते जो समझ से परे है। हर रोज बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है बावजूद इसके संचालक के पास शराब की कमी नहीं होती। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब का कारोबार लंबे समय से चल रहा है।

#### मैदान को बना लिए है शराबखोरी का अड्डा

शंकरगढ़ बस स्टैंड के समीप सहित बालक छात्रावास एवं कन्या हाई स्कूल मैदान को शराबियों ने शराब पीने का अड्डा बना लिया है। मैदान में कई जगह शराब की खाली बोतल व कैन के शीशी बिखरे हुए आसानी से देखे जा सकते है। इसके अलावा ग्राम पंचायतों महुआ शराब की जोरों पर है बावजूद इसके पुलिस द्वारा धरपकड़ नहीं की जाती।

#### वाहन चालकों की होती है जांच

शंकरगढ़ पुलिस द्वारा हर दूसरे और तीसरे दिन मुख्य मार्ग पर आने वाले वाहन के चालकों की जांच एल्कोमीटर से करते है। शराब पीने पाए जाने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाती है। इधर लोगों का कहना है कि वाहन चालकों की एल्कोमीटर से जांच करना सही है लेकिन पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध किसी प्रकार जांच व धरपकड़ की कार्रवाई नहीं करते है जिससे पुलिस के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते है।

#### टीम गठित कर की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र के होटल व ठेला संचालकों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रहे है तो इस संबंध में एसपी को अवगत कराई जाएगी। साथ ही टीम गठित कर होटल व ठेला की जांच की जाएगी। पकडे जाने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-एमानुएल लकड़ा
एसडीओपी शंकरगढ़

## राज्यपाल के दौरे, समीक्षा पर अमरजीत ने किया सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने राज्यपाल के सरगुजा दौरे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। श्री भगत ने कहा कि प्रदेश में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है। ऐसे में राज्यपाल का दौरा और उनके द्वारा ली जा रही समीक्षा बैठकें सवालों के घेरे में है।

प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं दिग्गज आदिवासी नेता अमरजीत भगत अपने निज निवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए राज्यपाल के दौरे को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जब जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है और उसके मुखिया एक आदिवासी मुख्यमंत्री है फिर ऐसे में राज्यपाल का सरगुजा दौरा के क्या मायने है। यह सीधा सीधा मुख्यमंत्री का उपहास है। चुनी हुई सरकार की अवहेलना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री चला रहे है अथवा राज्यपाल। राज्यपाल अधिकारियों की बैठकें ले रहे हैं, उन्हे निर्देशित कर रहे है। यह चुनी हुई सरकार का अपमान है।

### सांसद, कलेक्टर फिर निकलें स्कूटी पर

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने सांसद, कलेक्टर पर तंज कसते हुए कहा कि जब चिंतामणी नए-नए सांसद बने थे तब कलेक्टर को स्कूटी में बैठाकर शहर की जर्जर सड़कों का निरीक्षण करने निकले थे। तब लोगों में उम्मीद जगी थी कि शायद शहर की सड़के अब ठीक हो जाएगी किन्तु वो सब फोटो सेशन होकर रह गया। मै पुनः उनसे आग्रह करूंगा कि एक बार फिर से स्कूटी में कलेक्टर को बैठाकर शहर के रेलवे स्टेशन रोड, खरसिया रोड, बिलासपुर रोड एवं रामानुजगंज रोड का निरीक्षण करने निकले और बता दें जहां उनकी स्कूटी यात्रा समाप्त होगी मै स्वागत करने स्वयं खड़ा रहूंगा और उनके साहसिक यात्रा पर उनका सम्मान किया जाएगा। श्री भगत ने आरएसएस द्वारा किए जा रहे पथ संचलन पर भी कहा कि आरएसएस को गांधी चौक से रेलवे स्टेशन एवं खरसिया चौक से दरिमा मोड़ तक पथ संचलन जरूर करनी चाहिए।



### जिला जेल के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष के अवसर पर जिला जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला जेल के अधिकारी व कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। जिला जेल के 6 अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता ही है साथ ही दान किए गए रक्त जरूरतमंद गंभीर मरीज के लिए संजीवनी का काम करता है। रक्तदान सभी को करना चाहिए जिससे उनके द्वारा किए गए रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के काम आ सकता है।



## कैबिनेट मंत्री ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में बुधवार को सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने कक्षा 10वीं की दो मेधावी छात्राएं भूमिका एवं भानुप्रिया को 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने के लिए 5-5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने शिक्षा, उद्योग, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद कमल भान, पार्षद दिनेश साहू, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, कामेश्वर रजवाड़े, कामेंद्र राजवाड़े सहित जनपद सदस्य, प्राचार्य बीएन प्रसाद, शिक्षक मनोज दास, राकेश पांडेय, संजय, उदय, शिक्षिका दीपिका सहित अन्य मौजूद थे।

## नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी

- जम्मू में पदस्थ सीआरपीएफ जवान समेत दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** पहले वन विभाग में और फिर इसके पश्चात हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 8 लाख रुपए की ठगी किए जाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को अपराध दर्ज कर लिया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर निवासी प्रार्थी हमिद अहमद पिता स्वर्गीय वहीद अहमद कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मुलाकात क्रिकेट खेलने के दौरान नगर के ही रामेश्वर प्रसाद से हुई थी,जो कि रामेश्वर वर्तमान में सीआरपीएफ की 52 वीं बटालियन जम्मू सेक्टर में पदस्थ है,वर्ष 2021 में छुट्टी पर घर आने के दौरान उसने प्रार्थी से नौकरी को लेकर बातचीत की और भरोसा दिलाया कि वह अपने जान-पहचान के जरिए उसकी नौकरी लगवा सकता है,रामेश्वर ने प्रार्थी को अपने परिचित बलरामपुर जिले के राजपुर निवासी संतोष सिंह से मिलवाया,संतोष सिंह ने यह कहकर विश्वास दिलाया कि उसका फॉरेस्ट विभाग सहित कई सरकारी विभागों में अच्छा परिचय है और वह पहले भी कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है, उसने प्रार्थी से कहा कि फॉरेस्ट विभाग में नौकरी दिलाने के लिए उसे 5 लाख रुपए देने होंगे,भरोसा कर प्रार्थी ने यूपीआई एप फोन पे और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से अलग अलग समय में संतोष सिंह के खाते में 3.95 लाख रुपए और रामेश्वर प्रसाद को 44 हजार रुपये नगद दिए,कुल 4.39 लाख रुपए देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी,जब प्रार्थी हमिद ने अपने दिए पैसे वापस मांगे,तब संतोष सिंह ने कहा कि अब वह उसे हॉस्टल अधीक्षक की नौकरी दिलवाएगा,इस भरोसे में हमिद ने फिर से परीक्षा दी और परिणाम आने पर जब उसका नाम नहीं आया,तब भी संतोष सिंह ने झूठा आश्वासन दिया कि काउंसलिंग में नाम आ जाएगा,इसी बीच संतोष सिंह ने नौकरी पक्की करने के बहाने फिर से दो बार में 3.20 लाख और 50 हजार रुपए प्रार्थी हमीद से लिए,इस तरह कुल 8.09 लाख रुपए की ठगी कर ली गई,प्रार्थी ने बताया कि जब उसने बार-बार पैसे लौटाने की बात की, तब संतोष सिंह ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के दो चेक दिए,लेकिन खाते में पैसे नहीं होने की बात कहकर चेक जमा न करने की सलाह देता रहा,अंततः प्रार्थी हमिद ने मामले की शिकायत थाना में दी जिस पर पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पेट दर्द से पीड़ित युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम देवीपुर निवासी जय सिंह आ. समय लाल (22 वर्ष) सोमवार को बांध की ओर गया था। शाम को घर लौटा और पेट में दर्द होने की बात परिजन को बताई। परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में जांच कराई।चिकित्सकों द्वारा दवाई देने के बाद दर्द कम हो गया जिस पर परिजन उसे घर ले कर आ गए। गत दिन पुनः पेट दर्द होने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121 वर्ष
ग्राम-जूर प.ह.न. 9

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश कुमार पिता रामनाथ सिंह जाति गोड निवासी ग्राम जूर प.ह.न. रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री कुन्ती आ. स्व. छत्तरसाय का जन्म दिनांक 07/02/1979 को ग्राम जूर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र/पुत्री कुन्ती आ. छत्तरसाय का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायतर जूर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक. 10/10/25 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**Name Change**

I Balwan Kujur Father of Number 4589444X Rank SEP Name Vishap Kujur, Permnently Residing Village Kalyanpur, Post Office Nawanagar, Police Station & Tahsil- Darima, District- Surguja, State Chattisgarh, Pin 497001

do hereby declare That I have changed my name from Balwan (old name) to Balwan Kujur (new name) due to erroneously mentioned in army ducument (reasons for change). That my date of birth is 01 January 1971 (1st January, Nineteen Seventy One) (in words). I am producing this affidavit for the purpose of evidence of myname. Both Names Balwan (Old Name) to Balwan Kujur (New Name) partain to one and the same person. That I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and-in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be know as only Balwan Kujur (new name).

That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. nothing material has been concealed there from.

Deponent
Balwan Kujur
S/o Vishap Kujur
Residing Village Kalyanpur, Post Office Nawanagar, Police Station & Tahsil- Darima, District- Surguja, State Chattisgarh

**Name Change**

I Saniyo Kujur mother of Number 4589444X Rank SEP Name Vishap Kujur, Permnently Residing Village Kalyanpur, Post Office Nawanagar, Police Station & Tahsil- Darima, District- Surguja, State Chattisgarh, Pin 497001

do hereby declare That I have changed my name from Saniyo (old name) to Saniyo Kujur (new name) due to erroneously mentioned in army ducument (reason for change). That my date of birth is 01 January 1973 (1st January Nineteen Seventy three) (in words). I am producing this affidavit for the purpose of evidence of myname. Both Names Saniyo (Old Name) to Saniyo Kujur (New Name) partain to one and the same person. That I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be know as only Saniyo Kujur (new name).

That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. nothing material has been concealed there from.

Deponent
Saniyo Kujur
S/o Vishap Kujur
Residing Village Kalyanpur, Post Office Nawanagar, Police Station & Tahsil- Darima, District- Surguja, State Chattisgarh

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती – चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर सोनोग्राफी सुविधा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन कल निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा

**रामनगर/बिश्रामपुर।** ग्राम रामनगर में दिनांक 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रारम्भ होगा,शुक्रवार को आसपास के आधा दर्जन गावों के लोगों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, महापुराण कथा का आयोजन 10 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 19 अक्टूबर को हवन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा, महापुराण कथा श्री धाम वृन्दावन से आये कथावाचक विनयकान्त त्रिपाठी के मुखारविन्द से किया जायेगा।

### पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की मौत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन



**राजपुर।** पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की मौत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरवन प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सवाल उठाए और जमकर नारेबाजी की। बता दें कि विकासखंड के ग्राम मदेश्वरपुर निवासी गुड्डू पहाड़ी कोरवा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर डीकेएस रिफर किया गया था लेकिन 24 घंटे से अधिक समय तक एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। अगले दिन जब युवक को एंबुलेंस से रायपुर भेजा गया तो अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर 7 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं नेविरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की भारी कमी है, जिससे आम जनता को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और आदिवासी समुदायों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष लालसाय मिंज, सुरेश सोनी, राम बिहारी यादव, पंकज यादव, तेज प्रताप सिंह, सरजू लकड़ा, आलोक सिंह, देव बलि टेकाम, केन्दल राम, दीपक दास, विकास यादव, जुगेश यादव, बरसाती राम, पंकज जायसवाल, संतोष, सुरेंद्र राम सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोटरयान अधिनियम उल्लंघन पर ट्रैक्टर चालकों पर होगी कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिला परिवहन विभाग द्वारा कृषकों एवं कृषि कार्य में संलग्न ट्रैक्टर चालकों के सतत निगरानी करते हुए मौके पर समझाईश दी जा रही है। ऐसे ट्रैक्टर जिनके दोनों पहियों में नुकीले दोहरे पिंजरे अटैच कर ट्रैक्टर चालकों द्वारा खेती कार्य में उपयोग किए जाने के बाद उसी वाहन को सड़क पर चलाया जा रहा है, जिससे सड़कों को क्षति पहुँचने के साथ-साथ जान-माल के नुकसान की भी संभावना बनी रहती है। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों पर विशेष निगरानी रखते हुए जन-जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। साथ ही ट्रैक्टर चालकों को समझाईश दी जा रही है कि खेतों की जुताई के बाद ट्रैक्टर के पहियों से पिंजरे हटाकर ही सड़क पर चलाएं। विभाग द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि कृषि कार्य उपरांत नुकीले पिंजरे लगे ट्रैक्टरों को सड़क पर चलाना मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पिता की हत्या करने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**सूरजपुर।** प्रेमनगर लक्ष्मीपुर निवासी सजन सिंह (30 वर्ष) 5 अक्टूबर की सुबह घर में माँ कलेश्वरी से खाने-पीने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। इधर भाई एवं पिता उजियार सिंह द्वारा झगड़ा विवाद और खाने-पीने से मना किया तो सज्जन ने बेलचा से पिता के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उजियार सिंह के सिर पर गंभीर चोट लगने से परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के आरोपी सज्जन सिंह आ. स्व. उजियार सिंह (30 वर्ष) के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने गत दिन आरोपी को लक्ष्मीपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बेलचा से पिता पर हमला करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बेलचा को जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है।

## पेज 1 के शेष...

### सरगुजा के ग्रामीण उपभोक्ताओं पर...

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 1 लाख 56 हजार 707 है और ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं पर 1 अरब 52 करोड़ रुपए से अधिक बायका है। विद्युत बिल बकायेदारों में शासकीय व औद्योगिक उपक्रम पर बकाया घरेलु उपभोक्ताओं की तुलना में काफी कम है। इनमें भी सबसे अधिक विद्युत बिल की बकाया राशि बीपीएल धारी उपभोक्ताओं पर है। जिले में बीपीएल उपभक्ताओं की संख्या 85 हजार 186 है और इनपर सबसे अधिक 71 करोड़ रुपए का बकाया है। इसी तरह सामान्य घरेलु उपभोक्ताओं की संख्या 45 हजार के करीब है और उनपर 45 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है और विद्युत विभाग के सामने बीपीएल और सामान्य घरेलु उपभोक्ताओं से बिल बिल की बकाया राशि वसूलना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गई है।

### सीएचसी प्रतापपुर व सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर में मिली अव्यवस्था

# जेडी के निरीक्षण में चिकित्सक से लेकर भृत्य तक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कारण बताओ नोटिस जारी

शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की आदतों में सुधार नहीं आ रहा है। आलम यह है कि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रह है और इसका खामियाजा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। इस बात का खुलासा खुद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में हुआ है। जेडी के निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी से लेकर भृत्य तक नदारद मिले। ऐसे में जेडी ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

बता दें कि स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्था को दुरुस्त करने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बुधवार को सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर और सीएचसी प्रतापपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रतापपुर में साफ सफाई की कमी मिली जबकि दवाओं पर एक्सपायरी डेट अंकित नहीं था। ड्रेसिंग कक्ष व वाशरूम व टॉयलेट



अस्पताल में जानकारी लेते जेडी।

में सफाई का अभाव पाया गया। अस्पताल परिसर के अन्दर ही दवा दुकान का संचालन किया जा रहा था। सबसे बड़ी बात अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी से लेकर भृत्य तक अनुपस्थित मिले। जेडी डॉ. शुक्ला ने अस्पताल परिसर में संचालित दवा दुकान को परिसर से बाहर करने का निर्देश दिया दिया। निरीक्षण में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गुप्ता 3 दिवस डॉ. निमेष दूबे 5 दिवस, डॉ. विकास सिंह 7 दिवस, डॉ. सिवाली सिंह 1 दिवस, स्टाफ नर्स श्रीमती सुनिता श्रेष्ठ 1, दिवस श्रीमती अनिता बखला 1 दिवस, ज्योत्सना सांडिल्य 1 दिवस, विनोद रवि 1 दिवस, फार्मासिस्ट सचिन पैकरा 1 दिवस, एएनएम कुमारी जैसला 7 दिवस, स्वीपर नंद किशोर 2 दिवस, राजू पोरते 1 दिवस, श्रीमती कविता 3 दिवस, श्रीमती दिलासो 4 दिवस, वाहन चालाक रामजीत 4 दिवस, ऑपरेटर श्रीमती सुखवारी 1 दिवस, स्टाफ नर्स कुमारी सुशीला सिंह 2 दिवस, कुमारी साधना सिंह 2 दिवस, श्रीमती मीना एएनएम 1 दिवस, श्रीमती साधना पैकरा 1 दिवस, कुमारी सुषिला सिंह स्टाफ नर्स 7 दिवस, कुमारी प्रतिमा एक्का स्टाफ नर्स 1 दिवस अनुपस्थित पाए गए। जेडी डॉ. शुक्ला ने सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है और भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबन की चेतावनी दी है।

### सीएमएचओ कार्यालय में कर्मचारी भी अनुपस्थित

जेडी डॉ. शुक्ला ने सीएमएचओ कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों और चिकित्सकों के अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है। सीएमएचओ कार्यालय बलरामपुर में निरीक्षण के दौरान आरएसबीवाई से दिवेश श्रीवास्तव 1 दिवस, एमएस प्रमार 1 दिवस, स्टोर कीपर अरविन्द पटवा 4 दिवस, भैयालाल सिंह 4 दिवस, सहायक ग्रेड 2 अवरेष टोप्पो 2 दिवस, चंद्रिका प्रजापति 2 दिवस, पुरुषोत्तम देव पैकरा 4 दिवस, श्रीमती प्रतिभा लकड़ा 1 दिवस, रविकांत गुप्ता 4 दिवस, प्रमाडे मिंज 1 दिवस, श्रीमती ग्रेजोरी कुजूर 1 दिवस, वाहन चालक मिथलेश कुजूर 2 दिवस, सुनिल सिंह सेंगर 2 दिवस, श्रीमती देवप्रिया सिंह 2 दिवस, अभिषेक बखला 2 दिवस, जोखू सिंह चौकीदार 2 दिवस, राजकुमार 1 दिवस, आशीष गुप्ता 3 दिवस, राजू विश्वास 1 दिवस अनुपस्थित पाए गये।



# राजधानी रायपुर से निकली शहीदी यात्रा का सिख समाज ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मानवता के रक्षक और धर्म के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर राजधानी रायपुर से निकली शहीदी यात्रा मंगलवार 7 अक्टूबर को बिश्रामपुर नगर पहुंची, यह पावन यात्रा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 3 अक्टूबर को प्रारंभ हुई थी और श्रद्धा,एकता व मानवता का संदेश देती हुई बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, बैकुंठपुर से होते हुए जब बिश्रामपुर पहुंची,तो पूरे क्षेत्र में भक्ति और सेवा का माहौल बन गया,नगर की सीमा से लेकर कई जगहों पर साध संगत ने पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर शहीदी यात्रा का स्वागत किया, सर्वप्रथम टोल प्लाजा नाका,ग्राम सतपता में मंजीत सिंह के निवास पर, मुख्य बाजार में गगनदीप व अमन बग्गा, व्यापारी रामलाल के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पंज प्यारों और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य स्वागत किया।इस दौरान बोले सो निहाल के जयकारे के साथ नगर का वातावरण गूंज उठा,शाम करीब 9 बजे यात्रा गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पहुंची,यहाँ पर शबद कीर्तन व अरदास पश्चात गुरु का लंगर वितरण किया गया, तत्पश्चात यात्रा सिक्ख समाज के जत्थे के साथ अंबिकापुर सरगुजा के लिए रवाना हुई।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह,जसबीर सिंह,मंजीत भामरा, इंदरजीत भामरा,रसपाल सिंह, गुरविंदर माखीजा,धनवीर खेड़ा शानू माखीजा, मनी बग्गा, आनंददीप चावला,सुरजीत सिंह चावला, गगन दीप सिंह बग्गा,अंकित बग्गा, इकजोत सिंह बग्गा, व अन्य सक्रिय रहे।

# कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कर दिया भूमि का नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- ग्रामीण तहसील कार्यालय में की शिकायत

ग्रामीण की जमीन को अधिकारियों से मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नामांतरण करने का मामला सामने आया है। धोखा धड़ी के शिकार ग्रामीण ने अपनी जमीन को वापस पाने के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की शिकायत की है। ग्रामीण ने राजस्व विभाग के अधिकारियों पर भी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोदौरा निवासी 35 वर्षीय कबीर दास आ. घरभरन दास का आरोप है कि उसके नाम पर खसरा नंबरः 129/1, 130, 133, 131, 132, 206 में कुल रकबाः 0.280, 0.061, 0.405, 0.012, 0.760, 0.101 हेक्टेयर जमीन है। उक्त जमीन पर उसका स्वामित्व है लेकिन 12 अगस्त को प्रतापपुर के बाबापारा सोमारू आ. रिझम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिना भूमि स्वामी की उपस्थिति के नोटरी के समक्ष फर्जी तरीके से सहमति पत्र बनवाकर उक्त भूमि को अपने नाम पर करा लिया। ग्रामीण का



कहना है कि नामान्तरण के लिए उसने अपनी तरफ से कोई सहमति पत्र नहीं दिया है। इस दौरान जब उसे नोटिस आया तो नामान्तरण की जानकारी सामने आई। ग्रामीण कबीर दास ने पटवारी अजेन्द्र टोप्पो, नोटरी व अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने तहसील कार्यालय में शिकायत देते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।

### की जाएगी जांच

आवेदक के द्वारा शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया है। मामले की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-सालिक राम गुप्ता, तहसीलदार

# पूर्व डिप्टी सीएम के नेतृत्व में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो वार्डो में भरवाए गये 500 से अधिक फार्म

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी पर किए गए खुलासे के बाद एआईसीसी के द्वारा चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

इसी अभियान के तहत मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और एआईसीसी सचिव व छत्तीसगढ़ सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग के नेतृत्व में कांग्रेस ने शहर के 2 वार्डो में घर-घर जाकर वोट चोर-गद्दी छोड़ के प्रपत्र को भरवाकर लोगों के हस्ताक्षर प्राप्त किये। इस अभियान के तहत मात्र 2 घंटे में विवेकानंद वार्ड एवं रामानुज वार्ड में उक्त वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने नागरिकों से 500 से अधिक फार्म भरवाये। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि नागरिकों के



माध्यम से पूरे देश में 5 करोड़ हस्ताक्षरयुक्त फार्म भरकर चुनाव आयोग को भेजा जा रहा है। इस प्रपत्र पर वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने से लेकर वोटर लिस्ट में गलत ढंग से छेडछाड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद गलत तरीके से बने वोटर लिस्ट को सुधारने की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से रखकर वोट चोरी रोकना है। ऐसा नहीं होने पर लोकतंत्र का मूल आधार ही समाप्त हो जायेगा। एआईसीसी सचिव सुश्री जरीता लैतफलांग ने कहा कि इस देश में नागरिकों का वोट चोरी हो रहा है उनकी पहचान मिटाई जा रही है, उनके अस्तित्व पर खतरा है, उनका हक मारा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में हम इस अन्याय के खिलाफ देश के अंतिम नागरिक के हक के लिये लड रहे हैं। वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत विगत 2 दिनों में अकेले अंबिकापुर में 3000 से अधिक फार्म भरे गये हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिले के 10 सांगठनिक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के द्वारा इन फार्मा को भरवाया जा रहा है और बडी संख्या में नागरिक स्वेच्छा से सामने आकर इस फार्म को भर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत अगामी दिनो में अकेले सरगुजा जिले से 50 हजार से अधिक फार्म को भरवाने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, रशीद अहमद, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अनूप मेहता, जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, निक्की खान, विष्णु सिंहदेव, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, विकास शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# 14 मकानों का ताला तोड़ने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने बरामद किया चोरी का सामान

शहर के सुभाषनगर में एक साथ 14 मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छोटी की गई सामाग्री भी बरामद कर ली है।

बता दें कि 5 अक्टूबर की रात गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर में चोट ने एक साथ किराए के 14 मकानों का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। हालांकि परिसर में लगे सीसीटीवी में चोर का चेहरा कैद हो गया था। चोरी के मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के



निर्देश दिए थे। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में जांच के दौरान आरोपी की पहचान लुंड्रा सिलसिला कुर्मीपारा निवासी 21 वर्षीय अक्षय पटेल आ. पंचम पटेल के रूप में की गई थी। पुलिस ने जब आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया तो अपने साथी के साथ मिलकर बाइक से घटना स्थल पर जाने और चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने चोरी का सारा सामान अपने साथ रख लिया था जबकि गैस सिलेंडर को झाडी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झाड़ी से 2 नग गैस सिलेंडर एवं आरोपी के घर से पंखा, टीवी, स्मार्टवॉच, लैपटॉप एवं चार्जर, वुफर, डीटूएच, जूता, 2 नग मोबाइल, घरेलु कपड़ा एवं आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोटरसायकल, टूटा हुआ ताला, घटना मे प्रयुक्त छड़ कुल कीमती मशरुका लगभग 2 लाख रुपए जब्त किया है। पुलिस एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विपिन तिवारी, आरक्षक अतुल शर्मा, राहुल सिंह, रमन मण्डल सक्रिय रहे।

# 16 लीटर शराब एवं 410 किलो महुवा लहान के साथ महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम ने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रही महिला को न सिर्फ पकड़ा बल्कि उसके पास से 16 लीटर महुआ शराब व 410 किलो महुआ लहान जब्त किया है। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी एलके गायकवाड के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि परसा पाली ट्रांसपोर्ट नगर निवासी राधिका बेक पति संजय (30 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर टीम ने उसके घर दबिश देकर 16 लीटर महुआ शराब एवं 410 किलो महुआ लाहन बरामद कर जब्त किया। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख च, 34(2), एवं 59 क के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से महिला को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, आबकारी मुख्य आरक्षक द्वारिका प्रसाद गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, गंभीर साय व महिला नगर सैनिक गीता सिंह सक्रिय रही।

# केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से प्रत्येक वर्ग को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ : राजवाड़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म के अंतर्गत उद्यमी व्यापार एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ का भटगांव विधानसभा स्तरीय शिवनंदनपुर मंडल सम्मेलन के अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया, यहाँ पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि व्यापारी व किसान राष्ट्र के मुख्य धरोहर है,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू किया गया जीएसटी 2.0 रिफॉर्म से किसानों,व्यापारियों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को कुछ राहत मिलेगी,उन्होंने कहा कि देश में टैक्स व्यवस्था लंबे समय से चल रही है,बिना टैक्स कलेक्शन के राष्ट्र का नव निर्माण नहीं होगा, इसलिए देश के विकास के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक नागरिक टैक्स प्रदान करता है।

### शिवनन्दनपुर के व्यापारियों को भूमि व्यवस्थापन पट्टा दिलाने की उठी मांग

बैठक में चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सभा को सम्बोधित करने के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री से एनएच सड़क के उत्तर दिशा में बसे व्यापारियों को राज्य शासन से भूमि स्वामी पट्टा दिलाये जाने की मांग रखी,उन्होंने कहा कि समय समय पर एसईसीएल कम्पनी छत्तीसगढ़ शासन की राजस्व भूमि को भी अपना बताते हुए बसे हुए व्यापारियों को बेदखल करने की चेतावनी जारी करती है,इसमें नक्शा सुधार करते हुए वर्षों से बसे व्यापारियों को नये सिरे से सर्वे कराते हुए भूमि स्वामी पट्टा दिलाये जाने की बात कही गई जिस पर केबिनेट मंत्री ने शासन स्तर पर बात रखकर समस्या का निराकरण कराये जाने का आश्वासन व्यापारियों को दिया है।

### केबिनेट मंत्री ने व्यापारियों को शॉल श्रीफल से किया सम्मानित

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नगर के विभिन्न व्यापार से जुड़े व्यापारियों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया तथा उन्हें जीएसटी दर की कटौती पर बधाई दी, इस दौरान, महेश्वर पैकरा, शशिकांत गर्ग, विनय सिंह,राम प्रसाद, संतोष कुमार, रविन्द्र भारती, हरीश राजवाड़े, ठाकुर प्रसाद पैकरा, विवेक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अमरलाल साहू, शितिकान्त स्वाई, देवशरण, मनी बग्गा, शिव राजवाड़े, नूतन विश्वास,भागवत प्रजापति, श्यामू साहू, नंदकुमारी, दीनानाथ,भगवान मिश्र, समीर सिंह अनीता सिंह, समीर सिंह, पार्षद अमरेश कुमार, रवि शंकर बउआ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मंच का सफल संचालन शशि गर्ग व शितिकान्त स्वाई ने किया।

सभा को मेन मार्केट निवासी सी ए मयंक अग्रवाल,जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने भी सम्बोधित किया, विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव,नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अशोक अग्रवाल,अनूप सिन्हा,चरण सिंह अग्रवाल, विजयराज अग्रवाल, शोभनाथ राजवाड़े, देवधन राम बिंझीया, हरीश राजवाड़े उपस्थित रहे,मौजूद अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी,डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी,एवं भारत माता की छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।




श्री महामाया TVS

खरसिया रोड, बसंत टॉकीज के पास,
अंबिकापुर, छत्तीसगढ - 497001
7000845806

URBO Life
MEN'S EXCLUSIVE

FESTIVE
FASHION

Levi's | spykar | U.S. POLO ASSN.
JACK & JONES | KILLER | ARROW USA·1851
turtle | LOUIS PHILIPPE | BLACKBERRYS
REBEL CODE | SHUBH MOHRAT | Wedding wear | PARTY wear

AND MANY MORE

SHIVDHARI ARCADE, BRAMH RD.
AMBIKAPUR, CHHATTISGARH



www.urbolife.in myurbolife 1800 890 8726